## एक नजर में

### कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा लोक गायन प्रस्तुति कार्यक्रम



**देवास।** भारतीय लोक संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा एक भव्य लोक गायन प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष सांस्कृतिक संध्या में देश के प्रतिष्ठित लोक कलाकार पद्मश्री से सम्मानित कालूराम बामनिया अपनी सशक्त और आत्मीय लोक गायन प्रस्तुति से श्रोताओं को लोक संस्कृति की जड़ों से जोड़ेंगे। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 06 फ़रवरी 2026 को शाम 7 बजे से क्षिप्रा नदी घाट, क्षिप्रा में आयोजित किया जाएगा। प्राकृतिक और आध्यात्मिक वातावरण में होने वाला यह आयोजन लोक संगीत प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने क्षेत्र के सभी कला-प्रेमियों, सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोक संस्कृति के उत्सव का साक्षी बनने का आग्रह किया है।

### महाविद्यालय में ड्राइविंग लायसेंस कैंप का आयोजन

**देवास।** मध्य-प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल का पत्र क्रमांक जीएडी/011/2026-जीएडी-9-01 भोपाल दिनांक 09/01/2026 के मार्गदर्शन में कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, जिला देवास (म.प्र) का पत्र क्रमांक 749/जिपअ/2026 दिनांक 20/01/2026 के अनुसार में प्राचार्य प्रमोद कुमार पलाश्या के मार्गदर्शन देवास आरटीओ से परिवहन विभाग अधिकारी अभिजित सिंह और शैलेन्द्र सिंह पवार के द्वारा महाविद्यालय प्राध्यापको के सहयोग से संकल्प से समाधान अभियान अन्तर्गत विद्यार्थीयों के लिए ड्रायविंग लायसेंस बनाने के लिए लर्निंग चालक लाईसेंस केम्प का आयोजन किया गया, जिसके तहत 12/01/2026 से 30/03/2026 तक विशेष अभियान चलाया जाना है। केम्प में महाविद्यालय के बी.एस.सी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष एवं एम एससी. प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय से कुल 32 विद्यार्थीयों ने लाईसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन किया। महाविद्यालय से केम्प आयोजन प्रभारी प्रो. अंकुर विश्वकर्मा, प्रो. गणेश कुशवाह रहें। केम्प मे डॉ. ममता शाक्य, जैद अहमद, संजय नागराज, विजय कहार, हितेश चौधरी एवं महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा। परिवहन अधिकारियों का आभार प्रो. गिरिश शिव द्वारा माना गया।

### कन्नौद मे 6 फरवरी शुक्रवार को होगा रक्तदान शिविर

**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सरोजिनी जेम्स बैक के मार्गदर्शन में किया जाएगा।ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि सिविल अस्पताल कन्नौद में दिनांक 06 फरवरी 2025 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है ,इच्छुक रक्तदाताओं की जांच के उपरांत पात्र रक्त दाताओं को जिला रक्त कोष के माध्यम से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।डॉ मीणा ने जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों, प्रबुद्ध जनों एवं युवा छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान कर ब्लड डोनेशन कैंप को सफल बनाने की अपील की

### सिया कुसमानिया की बेटियों ने दिखाया दम



**कन्नौद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग देवास सांसद खेल महोत्सव संसदीय क्षेत्र विदिशा विधानसभा खातेगांव के सांसद शिवराज सिंह चौहान एवं क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा के नेतृत्व में पूरे संसदीय क्षेत्र में कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।विधानसभा स्तर पर सिया की बेटियों ने क्रिकेट एवं कबड्डी में शानदार प्रदर्शन कर गांव व स्कूल का नाम रोशन किया सांसद द्वारा इनाम राशि 50000 का चेक टीम को दिया गया। इस अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुसमनिया में सभी बेटियों का सम्मान किया गया।

### ओशो शिवरात्रि महोत्सव पर तीन दिवसीय ध्यान शिविर

**देवास।** स्वामी योगेन्द्र भारती एवं नवीन सोलंकी ने बताया कि विज्ञान भैरव तंत्र एवं शिव सूत्र पर सद्गुरू ओशो द्वारा विशेष प्रकाश डाला गया है और ध्यान विधियों से आत्मसात कराने के लिए ऐसे रहस्य दर्शी संचालक जिन्होंने भगवानश्री के सभाकक्ष में आगमन के समय अपने स्वरचित गीतों के द्वारा एवं डपली की सुमधुर तरंगों से तरंगाईत करते हुए सद्गुरू का स्वागत करते थे। ऐसे रहस्यदर्शी स्वामी अशोक भारती के दिव्य संचालन में यह तीन दिवसीय ध्यान शिविर 13 फरवरी से संध्या 16 फरवरी दोपहर तक इंदौर उज्जैन रोड पर स्थित तक्षशीला स्कूल के पीछे ओशो महाकाल धाम आश्रम में विविध ध्यान प्रयोगो के साथ शिव ध्यान कीर्तन, सत्संग, उत्सव के अद्भुत संगम में सहभागिता के लिये स्वामी बोधि निजेन, स्वामी बोधि सागर, मां प्रेम उपासना, मां प्रेम अंजु, स्वामी बोधि अशोक, मां प्रेम स्वाती, स्वामी हर्षद नागर ने आग्रह किया है।

### फटाके फोड़ रही चार बुलेट जब्त

**सोनकच्छ।** 31 जनवरी को अनाज मंडी में चार बुलेट जो कि पठाखा साइलेंसर वाली थी को टीआई अजय गुर्जर ने जब्त किया था। पुलिस ने इन्हें जब्त कर इस्तगासा बनाकर न्यायालय में पेश किया था। जानकारी के मुताबिक, टीआई गुर्जर को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ युवा रील बनाने के चक्कर में पठाखे फोड़ रही है। मामले को संज्ञान लेते हुए टीआई ने कार्रवाई करते हुए चार बाइक जब्त की व मोटर व्हीकल एक्ट में केस दर्ज इस्तगासा बनाकर न्यायाधीश दशरथ सिंह भिड़े की कोर्ट में पेश किया गया। जहां से राकेश पिता राम सिंह निवासी कराड़िया व धीरज पिता दरियाव फावड़ा 32 हजार व संदीप पिता कुमेरसिंह कुमारिया राव पर 26 हजार 5 सौ रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं चौथी बुलेट का इस्तगासा पेश नही हो सका है। तीन बुलेट पर कुल 90 हजार 5 सौ रुपए का जुर्माना लगाया गया हैं।

### नोटरी एडवोकेट गालोदिया का किया स्वागत

**टोंक खुर्द।** टोंक खुर्द के नोटरी एवं वरिष्ठ एडवोकेट श्याम सिंह गालोदिया को केंद्रीय बजट मध्य प्रदेश मे देवास जिला प्रचार प्रसार देवास जिला सह,संयोजक बनने पर। भाजपा पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य निर्भय सिंह कराड़ा ने उनके निवास स्थान पहुंचकर पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच राजेश गुदेन, पत्रकार विष्णु गालोदिया,एडवोकेट गौतम सिंह गालोदिया,एडवोकेट मुकेश परमार,भाजपा कार्यकर्ता मोड़ सिंह कुशवाह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### कैंसर दिवस स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की स्क्रीनिंग की

**बागली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में शासन के आदेश अनुसार विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर हेमंत पटेल डॉक्टर दिनेश सोलंकी डॉक्टर अमित पुरोहित द्वारा 42 मरीज का स्क्रीनिंग किया गया साथी मरीज को कैंसर से बचाव के लिए समझे दी गई की एवं तंबाकू धूम्रपान एवं शराब का सेवन नहीं करने की सलाह दी गई बी ई ई आर एस चौहान बीपीएम रतन सिंह जामले बीसीएम यतींद्र बैरागी नंदकिशोर महुवाल सेक्टर सुपरवाइजर योगिता योगी नर्सिंग ऑफिसर ललित चौहान रेणुका धुर्वे का विशेष सहयोग रहा

# तेज गति से बस चलाने वालों पर कार्रवाई करें : कलेक्टर

**देवास शहर में ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा और मैजिक वाहनों के लिए स्टॉपेज स्थल चिन्हांकित करें**



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति बैठक में पहली बार 22 विभागों को शामिल कर संयुक्त रूप से कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने महत्वपूर्ण बिंदूओ जैसे महिला अपराध रोकथाम, यातायात व्यवस्था, एसटी/एससी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन धोखाधडी और अवैध खनन संबंध विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ट्राफिक एचएन बॉथम, परिवीक्षाधीन आईपीएस आलोक कुमार वर्मा, एसडीएम बागली शिवम यादव, एसडीएम सोनकच्छ प्रिया चंद्रावत, एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा, एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, एसडीएम खातेगांव प्रवीण प्रजापति, एसडीएम कन्नौद कन्हैयालाल तिलवारी सहित सभी एसडीओपी अन्य जिला अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। जिला सड़क सुरक्षा समिति बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने एमपीआरडीसी को जिले अंतर्गत मार्गो पर निर्मित बड़े पुलों के रखरखाव एवं संधारण संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने सिया घाट पर सुरक्षात्मक उपाय के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करने एवं टूटे हुए बैरियर को रिपेयर करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि घाटों में ढलान पर रंबल स्ट्रिपर लगाए तथा घाट सेक्शन में टर्न पर रेडियम और रिफ्लेक्टिव संकेतक लगाए, जिससे रात के अंधेरे में टर्न पर संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जिले के मुख्य मार्गो पर अवैध कट प्वाइंट बनाने वालों पर कार्रवाई करें। जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पीयूसी केंद्र स्थापित कराए, इस संबंध में सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पीयूसी केंद्र स्थापित करने संबंधी नोटिस जारी करें, जिन पेट्रोल पंपों पर वर्तमान में पीयूसी केंद्र क्रियाशील नहीं हैं, वे आगामी एक माह के भीतर केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। निर्धारित समयावधि में पीयूसी केंद्र स्थापित न करने वाले पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर पेट्रोल पंप का लाइसेंस निलंबित करने संबंधी कार्रवाई करें। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने आने वाले बरसात के मौसम में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के समय नागरिक झरनों पर आते है। अभी हमारे पास समय है सभी ऐसी जगहों का चिन्हांकन कर साइनेज लगाए और सोलर कैमरे लगाए। जिससे अप्रिय घटनाओं पर नजर रखी जा सकेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि खतरनाक स्थानों की पहचान कर वहां चेतावनी वाले साइनेज भी लगाए ताकि नागरिक गहरे पानी या फिसलन भरी जगहों से दूर रहें। उन्होंने होमगार्ड और पुलिस को जोखिम वाले स्थानों के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने और वहां स्थानीय नागरिकों को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने देवास में माताजी टेकरी पर श्रद्धालुओं के लिए आवागमन को सुगम बनाने, व्यवस्थाओं को सुधारने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि माताजी टेकरी क्षेत्र में लाइसेंस वाली दुकानों को ही लगाने की अनुमति दें, अवैध अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों को अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने आरटीओ को निर्देश दिए कि यात्री बसों में दिव्यांगजनों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीटे आरक्षण करने संबंधी निर्देश सभी बस संचालकों को दें। क्षमता से अधिक सवारी बिठाने और तेज गति से बस चलाने वालों पर कार्रवाई करें। उन्होंने ट्रैफिक और आरटीओ को इंदौर-उज्जैन रूट पर संचालित बसों के समय को लेकर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये।

#### बिना परमिट वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें

कलेक्टर श्री सिंह ने देवास शहर में ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा और मैजिक वाहनों के लिए स्टॉपेज के लिए स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश दिए ताकि यातायात सुगम रहे। आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस को बिना परमिट वाले वाहनों के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिये। देवास शहर और नगरीय क्षेत्रों की सड़कों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर विचरण कर रहीं गायों को गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिये ताकि दुर्घटनाएँ नहीं हो और सुरक्षा व्यवस्था भी सुधरे।

# विधायक ने मुख्यमंत्री से सांदीपनि विद्यालयों की शीघ्र स्वीकृति एवं फसल राहत पर की चर्चा




**सोनकच्छ।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ राजेश सोनकर जी ने माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास एवं शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। विधायक ने सबसे पहले क्षेत्र में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों की स्थिति की जानकारी मुख्यमंत्री जी को दी और किसानों को शीघ्र राहत प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। चर्चा के दौरान विधायक ने विशेष रूप से सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में संचालित एवं प्रस्तावित सांदीपनि विद्यालयों से जुड़े विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने सोनकच्छ, पीपलरावा, टोंक खुर्द और भोरासा में प्रस्तावित सांदीपनि विद्यालयों को यथाशीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का निवेदन किया। साथ ही फेज-1 में स्वीकृत चिढ़ावद सांदीपनि विद्यालय में आ रही तकनीकी अड़चनों की जानकारी देते हुए, शीघ्र निराकरण कर विद्यालय निर्माण कार्य प्रारंभ करने का आग्रह किया। विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सभी प्रस्तावित विद्यालयों की भूमि जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित कर आवंटित की जा कर, संबंधित फाइलें शिक्षा विभाग को भेजी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला है। इसके अतिरिक्त सोनकच्छ क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों, सड़क, सिंचाई एवं जनसुविधा से संबंधित विषयों पर भी विधायक ने मुख्यमंत्री से चर्चा की और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने विधायक द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों पर सकारात्मक रुख व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री से हुई यह चर्चा अत्यंत उपयोगी रही। शिक्षा, कृषि और जनसुविधा के क्षेत्र में राज्य सरकार की संवेदनशीलता से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी ।

# संत रविदास जी की मूर्ति स्थापना, नशा मुक्ति का लिया संकल्प

**बागली।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के पावन अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 01 में श्रद्धा और उल्लास के साथ संत रविदास जी की मूर्ति की विधिवत स्थापना की गई। यह आयोजन वार्ड पार्षद अमित धूलिये के विशेष प्रयासों से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने कहा कि प्रभु जी तुम चंदन, हम पानी जैसे विचार समाज को समरसता और सेवा का संदेश देते हैं। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से प्रतिदिन संत रविदास जी के दर्शन कर स्वयं और समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कमल यादव ने नगर के प्रत्येक वार्ड में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए नागरिकों के सहयोग के प्रति आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने संत शिरोमणि रविदास जी के जीवन-दर्शन और प्रेरणादायी विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाज में समानता, सदाचार और भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा—दुबारे को दोबारा नहीं लेंगे—जिसे उपस्थित जनसमूह ने दोहराकर संकल्प लिया। मूर्ति स्थापना समारोह ने श्रद्धा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठजन हरचंद चौहान, रमेशचंद्र वेद भगत जी शंकरलाल चौहान, फूलचंद चौहान, आत्माराम चौहान, एडवोकेट बंटी वैध कमल चौहान, चंपालाल चौहान, बलवंत चौहान, चंदर चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं युवा साथियों में राजेंद्र चौहान, दिनेश चौहान, शुभम चौहान, मनीष चौहान, मोहन चौहान, अर्जुन चौहान, धर्मेंद्र चौहान, पारस, करण, कान्हा वेद, आकाश वेद, रमेश भगत,सुजीत नारवले, मोहित राजोरिया, सुमीत खरे एवं जयकिशन शिंदे ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समारोह का समापन संत रविदास जी के आदर्शों को आत्मसात कर नशा मुक्त, सकारात्मक और समरस समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

# वारदात के पहले ही पुलिस हत्थे चढ़ा चोर गिरोह



**कन्नौद।** स्थानीय नगर में चारों ओर सी सी केमरे से लेस शहर को सुरक्षित करने की पहल ने फिर एक बार अपराध करने से पहले जागती पुलिस को सफलता दिलाने में मददगार हुई है। पुलिस जानकारी अनुसार ऋद्धि सिद्धि एवं वैष्णवी कालोनी में घात लगाए बैठे चोर गिरोह की जानकारी गस्त करती पुलिस को मिली तत्काल थानाप्रभारी तहजीब काजी और पुलिस टीम हरकत में आकर चिन्हित स्थान की घेराबंदी कर पुलिस की आहट सुन भाग रहे चोर गिरोह को गिरफ्तार कर सख्ती के साथ पूछताछ में चोर गिरोह ने सुने मकानों के ताले चटकाकर चोरी करना पैदल मा नर्मदा स्नान करने वालों को पता पूछने के बहाने लूटपाट करने जैसे जुर्म करना स्वीकार किया है। मुखवीर से मिली खबर पर थानाप्रभारी ने तत्काल तीन टीम को खेत की पगडंडीयों के माध्यम से घेराबंदी कर भाग रहे चोरों को दौड़ते भागते पकड़कर उनके पास से चोरी के हथियारों के साथ घातक हथियार सहित धर दमोचा जब उनसे पूछताछ शुरू की गई तो उन्होंने अपना नाम ओम पिता बाबूलाल निवासी म्वाल नगर छिपानेर रोड हरदा, गोकुल उर्फ गुडपटटी पिता श्रवण निवासी नेमावर, लल्लू उर्फ कार्तिक पिता संजू निवासी नेमावर हाल मुकाम भोलेनाथ कालोनी नगर इन्दौर का होना बताया।यह गेंग विभिन्न थाना क्षेत्रो में अपराध करने की आदि रही है। इनका अपराधिक रेकार्ड खंगाल रही है। सफल कार्यवाही के पात्र निरीक्षक तहजीब काजी,उनि दीपक भोंडे,स उनि डी पी माछीवाल प्र आर गजेन्द्र सिंह,आर राजेन्द्र सिंह,गोयल पटेल, राजेन्द्र परमार, देवेन्द्र सिंह,बाबी वर्मा,महेश पोरवाल,का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**भौंरासा।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर देवास भोपाल कॉरिडोर (वर्टिस)सीएसआर प्रशासन द्वारा फंदा टोल प्लाजा पर एक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं जागरूकता प्रदान की गई। यह स्वास्थ्य शिविर प्रोजेक्ट निरामया के अंतर्गत अपोलो फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें परियोजना प्रमुख श्रीमती स्नेहा झा, परियोजना समन्वयक अय्याज, एमबीबीएस मेडिसिन डॉक्टर डॉ. अर्पित भार्गव एवं सीएसआर प्रबंधक श्री उमा शंकर पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच, रोगों की पहचान, परामर्श एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अपोलो फाउंडेशन टेली-मेडिसिन प्रशासन से संदीप, नर्सिंग स्टाफ नरेन्द्र, अजय, डी बी सी पी एल की टीम एवं नागरिक उपस्थित रहे। यह पहल स्वस्थ समाज,सुंदर समाज और बीमारी-मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक, संवेदनशील एवं मानवीय कदम है, जो जन-स्वास्थ्य के प्रति डीबीसीपीएल (वर्टिस) की सामाजिक प्रतिबद्धता और जिम्मेदार सोच को सशक्त रूप से दर्शाती है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 3 वार्ड के सफाई मित्र होंगे सम्मानित




**देवास।** निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को दृष्टिगत रखते हुए गठित निगम स्वच्छ भारत मिशन की टीम द्वारा शहर के सभी 45 वार्डों में जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया जा रहा है। गाठित टीम सर्वे दिवस को वार्डो में पहुंचकर स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से मूल्यांकन कर रही है। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, गीला एवं सूखा कचरा पृथक्कीकरण, सफाई के दौरान पीपीई कीट का प्रयोग, निर्माण एवं विध्वंस (सीएनडी) कचरे के निस्तारण की व्यवस्था, सीटीयु (कचरा स्थलों) की वर्तमान स्थिति, बैकलेन सौंदर्यिकरण, रेड-येलो स्पॉट, रहवासी क्षेत्र में कचरा प्रबंधन की व्यवस्थाओं को प्रमुखता से परखा जा रहा है। टीम निरीक्षण के दौरान स्थानीय रहवासियों से भी संवाद कर रही है, ताकि स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं और सुझावों की जानकारी सीधे तौर पर प्राप्त की जा सके। नगर निगम का उद्देश्य केवल रैंकिंग करना ही नहीं, बल्कि मौके पर चिन्हित कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर कर व्यवस्था में वास्तविक सुधार लाना है। वार्ड सर्वे में वर्तमान स्थिती के दे रहें हैं अंक रैंकिंग के पश्चात प्राप्त अंकों पर होगी प्रतियोगिता टीम द्वारा प्रत्येक वार्ड की वर्तमान स्थिति के अनुसार एक निर्धारित सर्वे फॉर्म में अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इन्हीं अंकों के आधार पर निगम द्वारा गठित समिति के माध्यम से सभी वार्डों की रैंकिंग तय की जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों को निगम स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि अन्य वार्ड भी स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित हो सकें। टीम द्वारा यह भी देखा जा रहा है कि वार्डों में नागरिकों द्वारा स्वच्छता नियमों का कितना पालन किया जा रहा है तथा निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का सही उपयोग हो रहा है या नहीं।

**एक नजर** | श्री सतपाल जी महाराज के शिष्य ने ग्राम रूपालीपुरा में आयोजित सद्भावना सत्संग समारोह में दिया दिव्य संदेश

# जीवन की सार्थकता अपने अंतर बल को विकसित करने में है : संत हरि संतोषानंद



**देवास।** संसार में माया का प्रभाव अति प्रबल है। इससे जूझने हेतु अपार बल वांछित है। बड़े-बड़े साधकों को विचलित होने में पल नहीं लगे और जीवन भर के प्रयास निरर्थक हो गए। जीवन की सार्थकता अपने अंतर बल को निरंतर विकसित करने तथा अर्जित बल को संचित रखने में है। अपनी इंद्रियों को तो वर्जित किया ही जा सकता है कि उसे कदापि वह देखना, सुनना नहीं, जो पाप कर्मों की और प्रेरित करें। यदि कीचड़ में खिलकर भी कमल अपनी पंखुड़ियां को कीचड़ से ऊपर रखने में सफल हो जाता है, तो मनुष्य क्यों नहीं माया में रहते हुए भी उससे विरत हो सकता है। उक्त आत्म कल्याणकारी सत्संग विचार अखिल भारतीय सामाजिक व आध्यात्मिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की शाखा रूपालीपुरा द्वारा आयोजित सद्भावना सत्संग समारोह में हरिद्वार से पधारे श्रीसतपालजी महाराज के शिष्य महात्मा श्री हरि संतोषानंद जी ने व्यक्त किये। आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में उपस्थित धर्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए संत श्री ने कहा सारा प्रपंच पांच ज्ञान इंद्रियों और पांच कर्म इंद्रियों का है। मनुष्य या तो उनके वश में रहकर विषपान करता रहे या इन्हें वश में कर अमृत रस का धारक हो जाए। वास्तविक सत्ता तो मन है।

तन तो नाशवान है, सारे रस भोग कर अंततरू पंच तत्वों में विलीन हो जाएगा। पापों का बोझ तो मन अर्थात आत्म तत्व को ही उठाना और भोगना पड़ेगा। मन इस सार को समझ कर ही, तन, इंद्रियों को वश में करने को दृढ़ संकल्पित हो सकता है। मन यदि बलवान है, तो मोह का स्थान प्रेम, लोभ का स्थान संतोष, काम का स्थान मर्यादा, क्रोध का स्थान विनयऔर अहंकार का स्थान मान लेगा। प्रेम, संतोष, मर्यादा विनय और मान ये पांच अंकुश एक साथ लगाए रखने से ही इंद्रियों को साधा जा सकता है। मनुष्य जिस भी स्थिति में हो, वह सदैव सहज रहे। मनुष्य का संग अन्य को सुखद अनुभूति प्रदान करें। उन्होंने कहा सृष्टि की सभी रचनाओं में मनुष्य का मन सर्वाधिक कोमल है। इंद्रियां जब प्रबल होती है तब मन की कोमलता को दुर्भावनाओ का कठोर आवरण ढक लेता है। उससे मन को मुक्त करना और सदैव मुक्त रखना वैसे ही है, जैसे किसी राज्य को जीत लेना और राज्य पर आधिपत्य बनाए रखना।

# उत्कृष्ट लेखन के लिए डॉ. ठाकुर सम्मानित



**टोंकखुर्द।** नर्मदा साहित्य मंथन के पंचम सोपान के अंतर्गत आयोजित भारत उदय लेखन प्रतियोगिता-2026 में टोंकखुर्द के डॉ. अनार सिंह ठाकुर के आलेख का चयन हुआ है। उन्हें इंदौर स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशिला परिसर में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। डॉ. ठाकुर ने प्रतियोगिता के लिए भारतीय मौलिक शिक्षा पद्धति और उसका ह्रास विषय पर अपना सारगर्भित आलेख प्रस्तुत किया था, जिसे ज्यूरी द्वारा चयनित किया गया। सम्मान समारोह में भारत उदय लेखन प्रतियोगिता के संयोजक अमित राव पवार, नर्मदा साहित्य मंथन के संयोजक श्रीरंग पेंढारकर एवं अन्य मंचासीन अतिथियों ने डॉ. ठाकुर को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।डॉ. अनार सिंह ठाकुर की इस साहित्यिक उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस सफलता पर सुरेंद्र सेंधव,राज भंवर ठाकुर, वरिष्ठ समाजसेवी विमल कुमार जैन, कमल सिंह टांक,प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोंकखुर्द अंबिका सोमानी, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।